# मदरसों और स्कूलों के छात्रों के सम्बन्ध में

बैंगलूर में 8-11 जून 1990 ई0 को आयोजित तीसरे सेमिनार में छात्रों के बौद्धिक स्तर को उठाने के लिए कुछ प्रस्ताव पास किए गए।

यह सेमिनार अरबी मदरसों के जिम्मेदारों से अपील करता है किः

1- मदरसों के छात्रों में आधुनिक समस्याओं पर शरीअत और फ़िक्ह के निर्देशों को निरूपित करने की क्षमता विकसित करने के लिए उन मुद्दों पर छात्रों के बीच वाद विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएं जो फ़िक्ही सेमिनार में हल की जाती हैं। इस्लामिक फ़िक्ह अकेडमी इस में सहयोग कर सकती है।

2- अर्थशास्त्र और अन्य आधुनिक विषयों पर भी छात्रों के बीच परिचर्चाएं कराई जाएं ताकि वे इन विषयों को समझ सकें और शरई निर्देशों के अनुरूप उन्हें ढाल सकें। इस्लामी फ़िक्ह अकेडमी इस सिलसिले में सहयोग के लिए तैयार है।

3- यह सेमिनार इस बात की ज़रूरत महसूस करता है कि स्कूलों के छात्रों के लिए भी ऐसे प्रोग्राम तैयार किए जाएं जिनके ज़रिए वे इस्लामी शिक्षाओं को व्यापक रूप से समझ सकें, और इस्लामी क़ानून, इस्लाम के शैक्षिक संगठन और सिद्वांत और इस्लामी विषयों की शब्दावली से उन्हें अवगत कराया जा सके। इस्लामी फ़िक्ह अकेडमी से अपील की जाती है कि इस सम्बन्ध में मुनासिब कोशिश करे।

☆☆☆